हमीदिया महाविद्यालय द्वारा आयोजित रासेयो के आयोजन में बोले सांसद-

स्वच्छता हमारी आदत बनें: संजर

संवाददाता, भोपाल/तारासेवनिया।

स्वच्छता हमारी दैनिक आदत का हिस्सा बनना चाहिए। कहा गया है कि स्वच्छता से ही लक्ष्मी का वास होता है। यह उद्गार भोपाल सांसद आलोक संजर ने व्यक्त किया है।वे राजधानी स्थित शासकीय हमीदिया महाविद्यालय द्वारा आयोजित रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। राजधानी से लगे हुए ग्राम तारासेवनिया में यह शिविर लगाया गया है। यह 31 अक्टूबर से 6 नवम्बर तक आयोजित किया जाएगा। ज्ञात हो कि इसी गांव को सांसद आलोक संजर ने गोंद भी लिया हुआ है। उन्होंने स्वच्छता अभियान की शुरूआत इसी गावं से की थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से पूरे देश में स्वच्छता अभियान तथा गांव को जानकारी देने का माध्यम सराहनीय है। मध्य प्रदेश रासेयो के राज्य सम्पर्क अधिकारी डॉ. आर के विजय जी ने कहा की रासेयो का स्वयंसेवक ऐसे शिविरो के माध्यम से सम्पूर्ण समाज में एक नई ऊर्जा के साथ प्रतिनिधित्व करना सीख जाता है।

डॉ ए के सक्सेना कार्यक्रम समन्वयक रासेयो भी वहां उपस्थित थे। हमीदिया महाविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय गौरव राहुल सिंह परिहार (कार्यक्रम अधिकारी रासेयो मुक्त इकाई ब वि वि) भी वहां पहुंचे। राहुल सिंह परिहार ने कहा कि इस महाविद्यालय की रासेयो इकाइयों ने ऐसे ही शिविरों के माध्यम से देश प्रदेश और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभाओ को जन्म दिया है। और उन्होने कहा महाविद्यालय की रासेयो ने प्रदेश को मंत्री सांसद तथा मुख्यमंत्री भी दिए है जो वर्तमान में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। डॉ पी के जैन प्रभारी प्राचार्य ,महाविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ आर एस नरवरिया एवम् डॉ आर पी शाक्य के निर्देशन में शिविर का संचालन हो रहा है। अतिथियों का आभार शिविर नायक अतुल सिंह राजावत व राजीव त्रिपाठी ने किया। शिविर का संचालन शिविर नायक अतुल सिंह राजावत कर रहे है। शिविर में लगभग 60 स्वयंसेवकों ने भाग लिया है जो ग्रामीणों को सरकारी योजनाओ से अवगत करने के साथ ही जनजागरूकता कार्यक्रम चलाएंगे। शिविर के सफल संचालन में अतुल सिंह राजावत, राजीव कुमार त्रिपाठी, विनय शर्मा, संदीप साहू,गब्बर सिंह, कुलदीप सिंह लोवंशी, राहुल, अविनाश, निधान, शिबा, भैरवेंद्र, पंकज, जगमोहन, अंकुर, बसन्त आदि की भूमिका सराहनीय रही।

स्वच्छ भारत
स्वच्छ भारत समर
इंटर्नशिप